भाकृअनुप-केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्यागिकी संस्था न, कोचिन में 'चेतना मास समापन समारोह'

डॉ.रविशंकर सी.एन., निदेशक महोदय का अध्यक्षीय संबोधन

भाकृअनुप-केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्यागिकी संस्थायन, कोचिन में 21 सितंबर 2019 को **'चेतना मास समापन समारोह'** का आयोजन किया गया। चेतना मास के दौरान संस्थाकन के सभी श्रेणियों के कर्मचारी सदस्योंक के लिए दस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस समारोह के मुख्ये अतिथि थे श्री पु ल्लेला नागेश्वर राव, आईआरएस, प्रधान मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क , कोच्चि। मुख्यश अतिथि महोदय ने कहा कि हिंदी एक सुन्दएर एवं सरल भाषा है इसे आसानी से अपने कार्य में प्रयोग किया जा सकता है और संस्थाीन में राजभाषा के सार्थक कार्यान्व यन के लिए निदेशक एवं उप निदेशक (राजभाषा) की प्रशंसा किया। सभा की अध्यसक्षता करते हुए अपने अध्याक्षीय संबोधन में डॉ.रविशंकर सी.एन. निदेशक महोदय ने कहा कि संस्थान के सभी कर्मचारी अपना पूर्ण सहयोग राजभाषा कार्य के लिए दे और इस सफल आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग की प्रशंसा किया। इससे पहले सभा का स्वागत करते हुए डॉ.जे.रेणुका, उप निदेशक (राजभाषा) ने कहा कि हिंदी भाषा सभी क्षेत्रीय भाषाओं को साथ लेकर चलने वाली भाषा है। तत्पश्चात संस्थाउन की विज्ञान गृह पत्रिका 'जलधि 2018' का विमोचन मुख्य अतिथि ने किया।

श्री पुल्लेला नागेश्वर राव, आईआरएस, मुख्यो अतिथि संबोधन

'जलधि 2018' का विमोचन

समारोह में भाकृअनुप महानिदेशक के अपील का पठन डॉ.पी.शंकर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने किया। चेतन मास पुरस्कारों का वितरण मुख्यप अतिथि श्री फुल्लेला नागेश्वर राव द्वारा किया गया। प्रोत्साोहन योजना के अधीन नगद पुरस्का र श्रीमती के.रशमी, वरिष्ठ

तकनिशिन और राजभाषा प्रतिभा श्री पी.कृष्णक कुमार, सहा. प्रशा अधिकारी को प्रदान किया गया। इस सुअवसर पर संस्थान के कर्मचारी सदस्यों के बच्चों को भाकृअनुप-केमाप्रौसं और भाकृअनुप-केमाप्रौसं मनोरंजन क्लब के शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार भी मुख्यी अतिथि एवं निदेशक महोदय द्वारा प्रदान किए गए।

राजभाषा प्रतिभा श्री पी.कृष्णल कुमारएवं कुमारी आश्रिता का आकर्षक नृत्य

धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सतोष अलेक्स , सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने प्रस्तुत किया। 'चेतना मास समापन समारोह' के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी था। डॉ.ए.के.मोहंती, प्रभागाध्क्ष , सिबाशीष गुहा, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी , विसूसां एवं सुभीष.एस.एस., निम्नभ श्रेणी लिपिक ने गीत प्रस्तुत किया।

नुक्कड नाटक का मंचन मत्य्.अलनप्रौद्यागिकी प्रभाग एवं प्रशासन के सदस्यों ने किया। एक फ्यूशन नृत्य कुमारी आश्रिता ने काफी आकर्षक रूप में प्रस्तुदत किया। अंत में समूह गान का अलापन प्रशासनिक कर्ममारियों ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ.सतोष अलेक्स एवं डॉ.पी.शंकर ने किया। राष्ट्रएगान के साथ 'चेतना मास समापन समारोह' संपन्नु हुआ।